# सप्तम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2021

## प्रतिवेदन

पंड़ित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में 21 जून 2021 को सप्तम् अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय ने सरस्वती माता जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर योग दिवस का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारियों की प्रत्यक्ष उपस्थिति तथा शेष सभी लोगों ने आभासी रूप से कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार आसन, प्राणायाम, मुद्रा बंध आदि का योगाभ्यास किया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने अपने आर्शीवचन में कहा कि हम सभी इस महामारी के दौर से गुजर रहें है, अधिकांश व्यक्तियों ने अपने परिचितों को खोया है ऐसी स्थिति में सभी लोगों का रूझान शारीरिक स्वास्थ्य की ओर बढ़ा है। इस महामारी और मानसिक समस्याओं के निदान में योग बहुत ही महत्वपूर्ण एवं लाभकारी सिद्ध हुआ है। आप सभी अपने जीवन में योग को अपनायें और इसका स्वास्थगत लाभ लें, आपका जीवन मंगलमय रहें यही मेरी शुभकामना है। इस कार्यक्रम के संयोजक द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए माननीय कुलपति महोदय जी के आदेशानुसार कार्यक्रम का समापन किया।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

संयोजक

अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
बिलासपुर (छ.ग.)

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## //पराक्रम दिवस//

23 जनवरी, 2021

पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में एक दिवसीय कार्यक्रम के रूप में पराक्रम दिवस का आयोजन 23 जनवरी 2021 को विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति महोदय प्रो. बंश गोपाल सिंह द्वारा पराक्रम दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने नेताती सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, यह प्रतिवर्ष 23 जनवरी को मनाई जाती है। कुलपति महोदय जी ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गरीबी को, अशिक्षा को, बीमारी को, देश की सबसे बड़ी समस्याओं में गिनते थे। हमारी सबसे बड़ी समस्या गरीबी, अशिक्षा, बीमारी और वैज्ञानिक उत्पादन की कमी है। इन समस्याओं के समाधान के लिये समाज को मिलकर जुटना होगा, मिलकर प्रयास करना होगा।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव महोदया डॉ. इन्दु अनंत के साथ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

आदेशानुसार

**Dr. S. Rupendra Rao**
**Incharge NAAC Criteria-III**
**PSSOU, CG Bilaspur**

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in

# //युवा दिवस//

12 जनवरी, 2021

संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देशानुसार सन् 1984 ई. को अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया। इसके महत्व का विचार करते हुए भारत सरकार ने घोषणा की, कि सन् 1984 से 12 जनवरी यानि स्वामी विवेकानंद जयंती का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र मनाया जाए। पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में भी युवा दिवस का आयोजन किया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो. बंश गोपाल सिंह थे। विश्वविद्यालय के सभागार में उपस्थित सभी लोगों को कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोविड–19 के कारण 24वें राष्ट्रीय युवा दिवस महोत्सव को ज्यादा वृह्द रूप में न करते हुए सामान्य रूप से मौजूद लोगों के बीच में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द महान समाज सुधारक, दार्शनिक और विचारक थे। उनके दर्शन और विचारों के प्रचार–प्रसार एवं जिन आदर्शों पर उन्होंने काम किया और जिनका जिंदगी में पालन किया, उससे लोगों का अवगत कराना इसका खास मकसद है। वह देश भर के सभी युवाओं के लिये प्रेरणा थे।

इस कार्यक्रम में माननीय कुलसचिव महोदया के साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

आदेशानुसार

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

## / /संविधान दिवस / /
(26 नवम्बर 2021)

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 नवम्बर 2021 को संविधान दिवस की 72 वी. वर्षगांठ का आयोजन विश्वविद्यालय के सिरपुर प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. इन्दु अनन्त, वित्ताधिकारी श्री चंद्रशेखर जागड़े, परीक्षा समन्वयक श्री टी. एस. ठाकुर और विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण कुल 146 लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलसचिव महोदया ने सभी संविधान निर्माताओं को याद करते हुए उनके प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये और संविधान के महत्त्व तथा संविधान से हुए सामाजिक बदलाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के प्रति प्रगति, उन्नति एवं शिक्षा हेतु संविधान की समतामूलक भावना को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि संविधान को शिक्षा व्यवस्थ में सभी स्तर पर पढ़ाने के लिए अनिवार्य बनाया जाना चाहिए जिससे सभी को संविधान के प्रति समर्पण की भावना का विकास किया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. एस. रूपेन्द्र राव द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया गया। कार्यक्रम के संयोजकों द्वारा सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**VERIFIED**

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

कार्यक्रम संयोजक
अध्यक्ष
मनोविज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
बिलासपुर (छ.ग.)

## //गणतंत्र दिवस//
(26 जनवरी 2022)

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2022 को 73 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन प्रातः 09:00 बजे किया गया। माननीय कुलपति, प्रो. बंश गोपाल सिंह, द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय मुख्यालय में उपस्थित 96 लोगों ने सामूहिक राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया शेष सभी अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए ऑनलाईन माध्यम से भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने अपने शुभकामना संदेश में गणतंत्र की गरिमा को बनाये रखते हुए अपने कर्त्तव्यों के निष्ठापूर्वक निर्वहन पर बल दिया। उन्होंने सभी के कुशल स्वास्थ्य की कामना करते हुए कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. इन्दु अनन्त ने सभी संविधान निर्माताओं को याद करते हुए उनके प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एस. रूपेन्द्र राव की ओर से सभी को शुभकामना संदेश देते हुए इस कार्यक्रम का समापन किया।

S. R. Rao
कार्यक्रम संयोजक
अध्यक्ष
मनोविज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.,
बिलासपुर (छ.ग.)

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

S. R. Rao
Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur